दिनांकः 14.04.2026 समय : 18.30 पीएम

- भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर देश उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–डॉ. अम्बेडकर ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया–श्री शर्मा ने पेंशन और पालनहार योजना के लाभार्थियों को एक हजार 363 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित की।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– नीति निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में सहायक होगी।

- प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा–राज्य के ज्यादातर स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी।

000

राष्ट्र, आज संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर नई दिल्ली में केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और वृक्षारोपण किया। प्रदेश में भी जयपुर सहित विभिन्न शहर–कस्बों में डॉ. अम्बेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। राजधानी जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा और विकास से जुड़ी कई सेवाओं और पहल को जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर ने वंचितों के साथ ही समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है।

.........................

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पेंशन और पालनहार योजना के लाभार्थियों को 1 हजार 363 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने प्रदेशभर में 10 छात्रावासों का लोकार्पण और 17 छात्रावासों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान एआई आधारित हेल्प डेस्क समाधान साथी का शुभारंभ किया गया और जयपुर के जामडोली स्थित स्वयं सिद्धा परिसर में लाइब्रेरी का वर्चुअल उद्घाटन भी किया गया। समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित राज्य मंत्रिमंडल के मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने जयपुर स्थित अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इधर, बी.आर. अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की ओर से जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिरकत की। समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री बागडे ने कहा बाबा भीमराव अम्बेडकर व्यक्ति नहीं अपने आप में संस्था थे। उन्होंने देश को समरसता का मंत्र ही नहीं दिया बल्कि राष्ट्र ही सर्वोच्च है यह दृष्टि भी दी। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अजमेर में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह में शामिल होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन दलितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।

.................

चित्तौड़गढ, कोटा, डूंगरपुर, नागौर, सिरोही, डीग, अलवर, बांसवाड़ा, चूरू और बाडमेर सहित कई अन्य शहर–कस्बों में बाबा साहेब को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी।

000

बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी को चुना गया है। इससे राज्य में अगले मुख्यमंत्री बनने के लिए उनका रास्ता साफ हो गया है। इसकी घोषणा पटना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए विधायक दल की एक बैठक के बाद की गई। केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप

में नियुक्त किए गए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सम्राट चौधरी को सर्वसम्मिति से विधायक दल का नेता चुना गया है। मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद इसकी घोषणा हुई है। नितिश कुमार को हाल ही में राज्यसभा का सदस्य बनाया गया है। विधायक सम्राट चौधरी ने उन पर विश्वास रखने के लिए भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी बिहार के लोगों की सेवा करने का एक पावन अवसर है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि 2029 के लोकसभा चुनाव और विभिन्न विधानसभा चुनाव, महिलाओं के लिए पूर्ण रूप से लागू होते हैं, तो देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत और जीवंत होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखण्ड में पूरे वर्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया है। देहरादून में दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे के उद्घाटन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए 12 महीने का पर्यटन निर्णायक है। उन्होंने शीतकालीन पर्यटन के लिए एक गंतव्य, शीतकालीन खेल और डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में राज्य की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख किया। कैलाश और ओम पर्वत की अपनी 2023 की यात्रा का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि तब से श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इससे यहां के स्थानीय निवासियों के लिए आजीविका के अवसर सृजित हुए। दिल्ली–देहरादून आर्थिक गलियारे के लाभ का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पर्यटकों की बढ़ती संख्या, आतिथ्य, परिवहन और अन्य स्थानीय सेवाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ाएगी।

...............

उन्होंने आगामी कुम्भ मेले का उल्लेख करते हुए कहा कि धार्मिक अवसरों पर उत्तराखण्ड में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की आशा की जा रही है।

**000**

प्रदेश के व्यापारियों को प्रोत्साहित करने के लिए लाई गई राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी–2025 के तहत ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिये गये हैं। आवेदक, एसएसओ आईडी या ई–मित्र के जरिये विभागीय वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इस नीति के तहत खुदरा व्यापारियों को 2 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस पर राज्य सरकार 6 प्रतिशत तक ब्याज अनुदान और इंश्योरेंस प्रीमियम पर 50 प्रतिशत तक की सहायता सहित अन्य लाभ देगी। उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि व्यापार क्षेत्र में इस प्रकार की नीति पहली बार लाई गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश के छोटे व्यापारियों को बड़े ट्रेड, ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म और लॉजिस्टिक नेटवर्क जैसे समान अवसर उपलब्ध कराना है।

000

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज से तीन दिवसीय समारोह की शुरूआत होगी। समारोह के तहत जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर राजस्थान पुलिस का बैंड दल प्रस्तुति देगा। पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम अब से कुछ देर बाद शुरू होगा जो सवा आठ बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में पुलिस बैंड के सदस्य अपनी विशेष और पारंपरिक बैंड ड्रेस में सुसज्जित नजर आएंगे।

000

वैसाखी का पर्व देशभर में आज श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहार कृतज्ञता, नवजीवन और आशा की भावना का प्रतीक है और उन किसानों की कड़ी मेहनत के प्रति सम्मान है जिनकी लगन से देश को भोजन मिलता है। प्रधानमंत्री ने तमिल नव वर्ष पुथंडू के अवसर पर भी लोगों को शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रदेश में भी वैशाखी पर्व को लेकर पंजाबी और सिख समुदाय के लोगों में विशेष उल्लास देखा जा रहा है। वैसाखी का धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व भी

000

प्रदेश में गर्मी का असर बढने लगा है। पिछले चौबीस घंटों में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 41 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया। बाड़मेर में आज तेज गर्मी और लू के असर से जनजीवन प्रभावित रहा। इस बीच विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से परिन्डे लगाये गये। वहीं सिरोही जिले में स्थित राज्य के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में तापमान कम रहने से मौसम सुहावना बना हआ है और पर्यटकों की आवाजाही बनी हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले 4–5 दिन राज्य में अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क रहने तथा अधिकतम तापमान में और 2–3 डिग्री सैल्सियस तक की बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। 17–18 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सैल्सियस दर्ज होने और कहीं–कहीं लू चलने की संभावना है।

000